pan>

Title: Issue regarding problem of drinking water in many districts in Bihar.

श्री अश्विनी कुमार चौबे (बक्सर) : महोदय, देश के कई राज्यों, विशेषकर बिहार में हमारे संसदीय क्षेत्र बक्सर, रामगढ़, दिनारा सहित 16 जिलों में बांका, मुंगेर, भागलपुर एवं अन्य जगहों पर भीषण पेयजल का संकट विद्यमान हो गया है। पानी का स्तर जमीन से काफी नीचे जाने के कारण पानी बहुत ही नीचे चला गया है। हजारों चापाकल बोरिंग बंद पड़ा हुआ है और बिहार सरकार कुंभकर्णी निद्रा में सोई हुई है। लोग पानी लाने के लिए कोसों दूर जा रहे हैं। यहां तक कि हमारे क्षेत्र में, ब्रह्मपुर में पानी में बहुत ज्यादा मात्रा में आर्सेनिक और फ्लोराइड आने के कारण लाखों लोग लीवर, कैंसर और अन्य बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। यह देश के अन्य राज्यों में भी हो रहा है। मैं आपके माध्यम से आग्रह करना चाहूंगा कि जो प्लांट हमारे क्षेत्र मे मैंने मंत्री काल में 105 करोड़ रूपये में बक्सर के ब्रह्मपुर में लगवाने का काम मैंने किया था, कहलगांव में लगाया था। आज तक वह बिहार सरकार नहीं लगा पाई है। केंद्र सरकार के निदेश पर ही उनके सहयोग से वह राशि दी गई थी। इसके अतिरिक्त हमारे क्षेत्र सासाराम में भीषण ओलावृष्टि हुई है, किसान तबाह हो गया है। मैं आपसे आग्रह करूंगा कि जल्दी सर्वेक्षण टीम भेज कर किसानों को उचित मुआवजा दें। रोहताश में यह संकट ज्यादा है।